कार्यालय, निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

कार्यालय का पता–कार्यालय निदेशक प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर
दूरभाष का पता–0151–2226551 ई मेल– **aayukt.ele@gmail.com**

क्रमांकः शिविरा / प्रारं / एसआईक्यूई / 19513 / 2019 / 1834 –40 दिनांकः 22.12.2020

प्रधानाचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
समस्त।

विषयः लैब विद्यालयों में स्माइल 2.0 की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के सम्बन्ध में।
प्रसंगः प्रमुख शासन सचिव,स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग की अध्यक्षता में आयोजित वी.सी दिनांकः 25.11.2020 एवं निदेशक, मा.शि.का पत्रांकः शिविरा /माध्य /मा–द/ई–कक्षा/2020-21 दिनांकः 02.11.2020

गृह (ग्रुप 9) विभाग, राजस्थान सरकार के आदेशानुसार कोविड–19 के मद्देनजर राज्य के सभी विद्यालय बहरहाल बन्द हैं तथापि विद्यार्थियों की पढ़ाई को जारी रखने के लिए स्माइल एवं स्माइल 2.0 कार्यक्रम के द्वारा ऑनलाइन शिक्षण एवं ई–कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है।

प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा की अध्यक्षता में आयोजित वी.सी. दिनांकः 25.11.2020 के अन्तर्गत शिक्षा अधिकारियों को विद्यालयों का निरीक्षण करने हेतु निर्देश दिये गये हैं। इसी क्रम में राज्य में संचालित लैब विद्यालयों में ऑनलाइन/ऑफलाइन पठन–पाठन की स्थिति का आकलन किया जाना है। संस्थान के अधिकृत अधिकारियों द्वारा जिले में संचालित लैब विद्यालयों का प्रतिमाह निरीक्षण कर स्माइल–2.0 की प्रभावी मॉनिटरिंग की जानी है। वर्तमान दौर में लैब विद्यालयों की मॉनिटरिंग हेतु निम्न निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करावें।

1. प्रत्येक लैब विद्यालय में स्माइल–2.0 से सम्बन्धित गृहकार्य वितरण एवं संकलन करना (ऑनलाइन/ऑफलाइन)।
2. विद्यालय में गृहकार्य पोर्टफोलियो संधारण की जाँच करना एवं व्यवस्थित करवाना।
3. Digital Quiz Viewership के प्रतिशत का आकलन करना एवं अधिकाधिक बालकों को Quiz में भाग लेने के लिए प्रेरित करने हेतु निर्देशित करना।
4. प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय फेज की अभ्यास पुस्तिकाओं के वितरण की स्थिति में प्रगति शाला दर्पण पोर्टल पर शत प्रतिशत अपलोड करवाना।
5. प्रत्येक अध्यापक द्वारा की जाने वाली शिक्षक कॉलिंग की प्रतिदिन की रिपोर्ट का अवलोकन करते हुए कॉलिंग लक्ष्य की शत प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करवाना।
6. "निष्ठा" प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत कक्षा 1–5 तथा 6–8 के शिक्षकों की शिक्षक प्रशिक्षण में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु शिक्षकों को पाबन्द करवाना।

उपर्युक्त बिन्दुओं की पालना सुनिश्चित करवाने एवं स्माइल–2.0 कार्यक्रम की सफल क्रियान्विति कर लैब विद्यालयों के विद्यार्थियों को कोरोना काल में अध्ययन से लिंक्ड रखें ताकि विद्यालय संचालन के

www.rajsevak.com

समय उपस्थित होने पर विद्यार्थियों का कक्षा स्तरीय ज्ञान अद्यतन हो एवं सीखने–सिखाने की निरन्तरता बनी रहे।

नोटः– निदेशक महोदय द्वारा जारी स्माइल–2.0 के प्रपत्र–स में अपने जिले के लैब विद्यालयों की सूचनाएँ संकलित कर इस कार्यालय को प्रतिमाह की 15 तारीख को आवश्यक रूप से प्रेषित करवाना सुनिश्चित करावें। इस कार्य का समस्त उत्तरदायित्व डाईट प्रधानाचार्य एवं टीम का रहेगा।

संलग्नः–स्माइल 2.0 प्रपत्र–स।

(शिवप्रसाद)
संयुक्त निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

क्रमांक : शिविरा / प्रारं / एसआईक्यूई / 19513 / 2019/1834–40 दिनांकः 22.12.2020

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव, निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा एवं पं.राज (प्रा.शि.) विभाग राजस्थान, बीकानेर।
2. निदेशक, आर.एस.सी.ई.आर.टी., उदयपुर।
3. सम्भागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, समस्त ।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ,समस्त।
5. लैब विद्यालय प्रभारी डाईट,समस्त को इस आशय के साथ कि वें स्माइल–2.0 (गुणवत्ता युक्त निरीक्षण) की मॉनिटरिंग हेतु प्रपत्र–स में सूचनाएँ संकलित कर निर्धारित समय पर प्रधानाचार्य को उपलब्ध करावें।
6. कार्यालय रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक
प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

www.rajsevak.com

जिला स्तर पर

आरटीई-2 के अन्तर्गत विद्यार्थियों के आवेदन हेतु प्रविष्टि विवरण पर संकलन हेतु जिला स्तर पर संधारित समान सूचना (प्रपत्र-अ)

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
[illegible]	[illegible]	[illegible]	प्रवेशित विद्यार्थी (कक्षावार)	[illegible]	[illegible]	[illegible] (5+6)	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible] (9+10)	[illegible]	[illegible] (रुपये में)

www.rajsevak.com